तापमान
अधिकतम 39 .3 डिग्री
न्यूनतम 18 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

12 वार्ड नंबर 1 में सबसे कम व वार्ड नंबर 9 सबसे में ...




12 सही समय पर ज्ञान के जरिए जीवन में आने वाली ...



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री से 12 क्विंटल तांबे की स्क्रैप चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित चरण सिंह सुलेखा वाली फैक्ट्री से एक व्यक्ति ने 12 क्विंटल तांबे की स्क्रैप चोरी कर ली। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मुखर्जी पार्क जगाधरी निवासी भगवंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जगाधरी में चरण सिंह सुलेखा वाली के नाम से फैक्ट्री है। 30 अप्रैल को जब सुबह वह फैक्ट्री में पहुंचा तो उसे फैक्ट्री में रखी गई तांबे की स्क्रैप गायब मिली। जांच करने पर फैक्ट्री से 12 क्विंटल तांबे की स्क्रैप गायब मिली। जांच के दौरान उसे पता चला कि यह स्क्रैप शांति कॉलोनी जगाधरी निवासी मुजमिल खान ने चोरी की है। जिसकी कीमत करीब एक लाख 25 हजार रुपये है।

### युवक को विदेश भेजने के नाम पर 5.50 लाख हड़पे

**यमुनानगर।** वीना नगर कैंप निवासी राघव हांडा से विदेश भेजने के नाम पर 5.50 लाख रुपये ठगे जाने का मामला सामने आया है। राघव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पढ़ाई पूरी करने के बाद वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। जनवरी 2025 में उसकी मुलाकात रामपुरा स्थित शशि इमीग्रेशन सेंटर के संचालक कनिका शर्मा और शैलेश त्यागी से हुई। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने का भरोसा दिलाया और जनवरी से जुलाई 2025 के बीच उससे अलग-अलग किश्तों में साढ़े पांच लाख रुपये ले लिए। लंबे समय तक इंतजार के बावजूद उसे विदेश नहीं भेजा गया और आरोपियों ने संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार रखने का आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-1 टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल .32 बोर व 5 रौंद बरामद किए गए हैं। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव रावर निवासी आरोपी रजत उर्फ प्रिंजा पुत्र कमल किशोर को भट्टा पुल कुटेल के पास रिंग रोड, करनाल से काबू किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### पानीपत में स्नेचिंग का आरोपी पकड़ा



**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने गांव पट्टीकल्याणा के पास गुलशन ढ़ाबा के नजदीक साइकिल सवार श्रमिक से मोबाइल स्नेचिंग के आरोपी गोविंद निवासी गांव रसूलपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि मोबाइल स्नेचिंग की वारदात बारे थाना समालखा में नितिन मूल निवासी यूपी हाल निवासी समालखा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पानीपत: दंपति को पीटा, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के राज नगर इलाके में माफिश, सलमान, शाहरुख और शवीर ने मेडिकल स्टोर संचालक दंपति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दंपति का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में हुए विस चुनाव में उन्होंने भाजपा का समर्थन किया था, इसके चलते आरोपी उसने रंजिश रखे हुए थे। बाइक खड़ी करने का बहाना बनाकर आरोपियों ने दंपति को पीटा, वहीं महिला के साथ छेडखानी की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंचकूला प्लॉट मामले पर दोषियों को नहीं मिलेगी राहत: मनोहर लाल

- भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर साधा निशाना, बोले, घोटालों का रहा है इतिहास
- कमर्शियल गैस कीमतों पर दी सफाई, अंतरराष्ट्रीय हालात को बताया वजह
- दुष्यंत चौटाला की महापंचायत पर टिप्पणी, राजनीति के तरीके पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने करनाल में मीडिया से बातचीत के दौरान पंचकूला प्लॉट आवंटन मामले सहित कई अहम मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे मामलों का उनका पुराना इतिहास रहा है और पहले भी कई घोटाले सामने आ चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और अंतिम



फैसला अदालत ही करेगी। कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों पर उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर करता है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे कीमतों में वृद्धि हुई। हालांकि अब स्थिति में सुधार हो रहा है और दाम बाजार के अनुसार तय होते हैं। एग्जिट पोल को लेकर उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि ये मीडिया के आकलन होते हैं और 4 मई को आने वाले चुनाव परिणाम इनके अनुरूप रह सकते हैं। वहीं, दुष्यंत चौटाला की महापंचायत पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने उनके राजनीतिक तौर-तरीकों पर सवाल उठाए। साथ ही गांवों के विकास के लिए योजनाओं पर भी जानकारी साझा की।

### सोहाना में योगशाला पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, साधकों संग किया संवाद

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार सुबह नजदीकी गांव सोहाना के पंचायत भवन में संचालित योग कक्षा का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री सुबह करीब साढ़े छह बजे पंचायत भवन पहुंचे, जहां साधकों ने प्रार्थना के साथ योग सत्र की शुरुआत की। केंद्रीय मंत्री के समक्ष योग सहायक बलजीत सिंह ने साधकों को हाथ-पैर व कंधों के सूक्ष्म व्यायाम करवाए। इसके बाद ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्ध चक्रासन, पादहस्तासन जैसे खड़े होकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। वहीं लेटकर किए जाने वाले आसनों में उत्तान पादासन, अर्ध पवन मुक्तासन, पवनमुक्तासन, सेतुबंधासन व चक्रासन का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही पेट के बल किए जाने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन, धनुरासन और शलभासन भी करवाए गए। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करीब एक घंटे तक योगशाला में मौजूद रहे। उनके आगमन की सूचना मिलने पर सरपंच प्रतिनिधि विक्रम कुमार सहित अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और उनका स्वागत किया। योग कक्षा के उपरांत मंत्री ने साधकों के साथ करीब आधा घंटा संवाद किया और उनसे योग के प्रति उनकी रुचि व अनुभव के बारे में जानकारी ली।

### गेट पास नहीं कटने से किसान भड़के, वादा खिलाफी का आरोप

# इंद्री अनाज मंडी के गेट के सामने करनाल स्टेट हाईवे किया जाम

- डायल 112 व प्रशासन मौके पर पहुंचे, एक घंटे तक बाधित रहा यातायात
- तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद गेट पास प्रक्रिया शुरू किसानों ने खोला जाम

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| इंद्री

अनाज मंडी इंद्री में पिछले तीन दिनों से गेहूं लेकर आ रहे किसानों के गेट पास नहीं काटने से शुक्रवार को किसानों का गुस्सा फूट गया । किसानों ने करनाल-इंद्री स्टेट हाईवे पर अनाज मंडी के गेट के सामने ट्रैक्टर ट्रालियां अड़ाकर जाम लगा दिया । जाम लगते ही स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा । सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम व मार्किट कमेटी अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम करवाने का प्रयास किया लेकिन किसान गेट पास काटने शुरू करवाने की मांग पर अड़े रहे । किसान परमजीत सिंह, मुकेश कुमार, संदीप, बीर सिंह, सुरेंद्र, रिशिपाल व जगबीर सिंह आदि ने बताया कि वह तीन दिनों से अपनी गेहूं लेकर मंडी के सामने गेट पास कटवाने के इंतजार में खड़े हैं लेकिन अधिकारी गेट पास काटने का नाम नहीं ले रहे हैं । ऊपर से मौसम की मार चल रही है । किसानों ने बताया कि अगर वे अधिकारियों से बात करते हैं तो वह गेट पास वेरिफिकेशन का बहाना बनाकर टालमटोल कर रहे हैं । ऐसे में उन्हे मजबूरन जाम लगाना पड़ा । करीब एक घंटा जाम के बाद इंद्री के तहसीलदार विनोद मेहरा मौके पर पहुंचे और किसानों के गेट पास वेरीफाई कर गेट पास काटने शुरू करवाए । उसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया । मंडी प्रधान सुमेर चंद कांबोज ने बताया कि अब मंडी में बहुत कम गेहूं की आवक है लेकिन अधिकारियों ने गेट पास वेरीफाई करने के नाम पर किसानों के गेट पास काटने बंद कर दिए जिससे किसानों व आढतियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।



इंद्री। इंद्री-करनाल स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रालियां अड़ाकर जाम लगाते किसान । फोटो : हरिभूमि

**अब दिक्कत नहीं होगी**

अनाज मंडी में लिफ्टिंग ज्यादा पेंडिंग हो गई थी ऊपर से मौसम भी खराब चल रहा था जिस कारण मंडी में तीन दिन पहले के इनकमिंग गेट पास काटने बंद कर दिए थे । गेट पास नहीं काटने से खफा होकर किसानों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया था । किसानों किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी । -अजीत सिंह, मार्केट कमेटी सचिव

### इंद्री में महिलाओं और बच्चों में झगड़ा

# जमीन विवाद और नमाज को लेकर पत्थरबाजी में कई लोग घायल

**वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने शुरू की सख्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल (इंद्री)





करनाल के इंद्री क्षेत्र के वार्ड-10 में जमीन विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। नमाज पढ़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते दो पक्षों के बीच टकराव में बदल गया। गली में दोनों ओर से लोग इकट्ठा हो गए और कहासुनी के बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही देर में हालात इतने बिगड़ गए कि लोगों ने लाठी-डंडों और ईंटों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस दौरान महिलाएं और बच्चे भी झगड़े में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। हिंसा में बाबू, नन्हा, कासिम और शहजान सहित कई लोग घायल हो गए, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक हाथ में ईंट लेकर हमला करता दिख रहा है और आसपास अफरा-तफरी का माहौल नजर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सख्ती दिखाते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है और वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धर्मगुरु योगी आनंद गिरी महाराज पर केस

### *विधवा के बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर 10.50 लाख हड़पे*

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| अंबाला

अंबाला में एक कथित धर्मगुरु योगी आनंद गिरी महाराज पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। कालाअंब निवासी विधवा सुनीता ने आरोप लगाया कि आनंद गिरी और उसके सहयोगी मनीष मिश्रा ने उसके बेटे को केंद्र सरकार में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर (एएसओ) लगवाने का झांसा देकर 10.50 लाख रुपये और सोने के गहने हड़प लिए। महिला के अनुसार, दिसंबर 2025 में रक्तदान शिविर के दौरान दोनों से संपर्क हुआ।

आरोपियों ने बिना परीक्षा सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और किस्तों में लाखों रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जनवरी 2026 में गाजियाबाद बुलाकर एक फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दिया गया और कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। बाद में जॉइनिंग न होने पर आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और अतिरिक्त पैसों की मांग की। पैसे न होने पर महिला से गहने भी ले लिए गए। मार्च में दोनों आरोपी फरार हो गए। जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पिकअप की टक्कर से बाइक में लगी आग, युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-ढांड रोड पर गांव खानपुर रोड़ान के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक फिरोज खान की मौत हो गई। 30 वर्षीय फिरोज, जो घरौंडा के बजाज कॉलोनी का रहने वाला था, शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान एक पिकअप ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही फिरोज सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक में अचानक आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जलकर राख हो गई। पिकअप चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### वीडियो में सुसाइड करने की बात कहकर युवक लापता

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा का युवक वीडियो में सुसाइड करने की बात कहकर लापता हो गया। शाम को उसकी बाइक ज्योतिसर गांव के पास भाखड़ा नहर के पास से बरामद हुई। परिवार ने ट्रांसपोर्टर पर धोखे से मकान नाम करवाने और चावल एजेंट समेत कई लोगों पर पैसे के लेन-देन का दबाव डालने के आरोप लगाए। संजीव कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई कुलदीप सिंह शादीशुदा है। कुलदीप ट्रांसपोर्ट के काम से जुड़ा हुआ है। उसने ट्रांसपोर्ट पर अपनी गाड़ियां लगा रखी है। वीरवार को कुलदीप ने चार वीडियो रिकॉर्ड की और उनके पास भेजी। उसके बाद कुलदीप बाइक लेकर चला गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। थाना सिटी पिहोवा के एसएचओ सुनील वत्स ने बताया कि पुलिस को कुलदीप की बाइक ज्योतिसर से मिली है। पुलिस कुलदीप की तलाश कर रही है। कुलदीप को नहर की पटरी पर देखा गया था।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी युवक ने किशोरी के भाइयों पर किया जानलेवा हमला

- आरोपी युवक सहित 25 अन्य के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** थाना साढौरा क्षेत्र के एक गांव में किशोरी व उसकी मां द्वारा छेड़छाड़ का विरोध करने से गुस्साए युवक ने अपने दो दर्जन साथियों के साथ मिलकर किशोरी के भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे किशोरी के तीन भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपी युवक को नामजद करते हुए 25 अन्य के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही मुकेश काफी दिन से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था।

### यमुनानगर: ट्रैक्टर पर गलत नंबर स्टिकर लगाकर मंडी में गेहूं बेचने आए व्यक्ति पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली अनाज मंडी में यूपी नंबर के ट्रैक्टर पर गलत नंबर स्टिकर लगाकर गेहूं को बेचने आए व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। हरियाणा की अनाज मंडियों में यूपी से आने वाली गेहूं पर सरकार द्वारा पाबंदी लगाई हुई है। 29 अप्रैल को किसानों ने उत्तर प्रदेश के एक ट्रैक्टर को गेहूं से भरी ट्राली के साथ पकड़ा था। जिस पर हरियाणा का नंबर स्टीकर के साथ लिखा हुआ था। गांव बलौली निवासी जसप्रीत सिंह ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 29 अप्रैल को वह छछरौली अनाज मंडी में गेहूं बेचने के लिए आया था। इस दौरान उसे वहां पर एक उत्तर प्रदेश का ट्रैक्टर ट्राली गेहूं से लोड खड़ा दिखाई दिया। जब उन्होंने वहां जाकर ट्रैक्टर चालक से बात की तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। नंबर की जांच की तो वह फर्जी मिला। सूचना छछरौली पुलिस को दी। पुलिस ने शमशाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### कुवि के वार्षिक समारोह में वीसी प्रो. सचदेवा ने दिया विकसित भारत का संदेश

**स्वदेशी अपनाने और रोजगार देने वाला बनने का आह्वान**

# युवाओं से नवाचार व उद्यमिता अपनाकर आत्मनिर्भर भारत में योगदान देने का आह्वान

- खेल, शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने खेलकूद प्रतियोगिता, शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि युवा संकल्पबद्ध होकर विकसित भारत अभियान 2047 में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में युवा उद्यमिता एवं नवाचार के मार्ग पर चलकर नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने वाले बने। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए युवा पीढ़ी को विदेशी वस्तुओं को छोड़कर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। यह विचार हमारे खान-पान, वेशभूषा, वस्तुओं के उपयोग में झलकनी चाहिए।

इस अवसर पर आईटीटीआर की प्राचार्या प्रो. अनिता दुआ ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए संस्थान की 2025-26 वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जिसमें वर्ष भर की शैक्षणिक एवं सह पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी शामिल थी। कार्यक्रम में बीएड की छात्रा अंजलि व अनीसा द्वारा समूह गीत के रूप में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। शिक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह ने स्वदेशी व स्वावलंबन भाव गीत प्रस्तुत किया। मंच का संचालन छात्रा वंशित्ता ने निभाई। धन्यवाद प्रस्ताव सहायक प्रोफेसर दिविज गुगनानी ने किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर उषा रंगा अधिष्ठाता शिक्षा संकाय, आईआईएचएस प्राचार्या प्रो. रीटा, प्रो. कुसुमलता, डॉ. रोहिणी, डॉ. रीटा सैनी, डॉ. ममता चावला, डॉ. अंग्रेज सिंह, रीना यादव, पूजा सैनी, कंवलप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, समीक्षा व कविता सहित गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे ।




कुरुक्षेत्र। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

# चालक की लापरवाही से नाबालिग की मौत

- ढांड रोड पर हादसा , दर्शन यात्रा पर जा रहे परिवार में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में ढांड रोड पर एक दर्दनाक हादसे में पिकअप गाड़ी चालक की लापरवाही से 17 वर्षीय नाबालिग हेमंत कुमार की मौत हो गई। हेमंत राजस्थान के अलवर जिले के गांव सोखर का निवासी था और अपने परिवार के साथ हिमाचल में नौ देवियों के दर्शन के लिए जा रहा था। परिजनों के अनुसार, वे 152-डी मार्ग से होते हुए ढांड रोड पहुंचे, जहां चालक पप्पी राम ने गाड़ी रोककर बाथरूम के लिए सभी को उतार दिया। इसी दौरान हेमंत सड़क किनारे बैठा था और उसके पास उसके फूफा श्यामबीर भी थे। तभी चालक ने अचानक तेज गति से गाड़ी पीछे कर दी, जिससे गाड़ी की डाला हेमंत के सिर में लगी और वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। श्यामबीर के सिर में भी चोट आई और उन्हें 12 टांके लगे। हेमंत को पहले एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जयपुर ले जाने लगे। रास्ते में अलवर के पास उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



**खबर संक्षेप**

### शिक्षकों ने सहायकों को किया सम्मानित

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के सहायक कर्मचारियों (स्पोर्ट स्टाफ) को तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या डॉ.कल्पना बजाज ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षकों ने अपने हाथों से तिलक लगा एवं मालाएं पहना कर्मचारियों के प्रति आदर प्रकट किया।

### श्रम के महत्व को समझें : डॉ.सिंह

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में अंतर्राष्टNीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ.एसके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.सिंह ने कहा कि एक मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में एक बड़ा आंदोलन हुआ था। उसी दिन को याद करते हुए हर वर्ष एक मई को अंतर्राष्टीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस श्रमिकों द्वारा किए गए कार्यों को याद करवाता है और सजग करता है कि हम श्रम के महत्व को समझें तथा अपने जीवन को अनुशासित एवं मर्यादित करें। संयोजक प्रो.संजीव गांधी ने कहा कि श्रमिक ऊंचे भवन में लगी हुई नींव की भांति होता है जो दिखता नहीं परंतु समाज का सारा ढांचा वही सहन कर रहा होता है।

### पश्चिमी बंगाल में जीत हासिल करेगी भाजपा

**रादौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व गुरूकुल कुरूक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि भाजपा सरकार देश व प्रदेश में किसानों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। भाजपा पार्टी पश्चिम बंगाल में बड़ी जीत दर्ज कर सरकार बनाने का काम करेगी। भाजपा पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता अपनी मेहनत के बलबूते कोई भी पद प्राप्त कर सकता है। इसलिए बंगाल में भी भाजपा सरकार बनाने का काम करेगी। कांबोज ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जी-तोड़ मेहनत कर पार्टी की जीत सुनिश्चित करते हैं। अन्य राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं की आपस में ही नहीं बनती, कोई किसी का कार्यकर्ता होता है, तो कोई किसी का। पार्टी का कोई कार्यकर्ता नहीं होता। परंतु भाजपा पार्टी का कार्यकर्ता केवल पार्टी के लिए कार्य करता है। जिससे भाजपा पार्टी सरकार बनाने का काम करती है।

## खपत में आई कमी, 123 करोड़ रुपये की बच रही सब्सिडी

# पारदर्शी व्यवस्था से बदली तस्वीर, समय से मिल रही यूरिया

**कृषि क्षेत्र का विकास और ग्रामीण आंचल की समृद्धि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य**


कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत को विकसित बनाने में कृषि विकास और किसानों की समृद्धि का अहम योगदान हो सकता है। कृषि क्षेत्र का विकास और ग्रामीण आंचल की समृद्धि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य है। यही कारण है कि देश के प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसान हित के साथ-साथ सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी नीतियां एवं योजनाएं बना रही है।

राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लिए गए प्रभावी निर्णयों और पारदर्शी व्यवस्थाओं के परिणामस्वरूप यमुनानगर में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान यूरिया की खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। इस पहल से न केवल सरकार को सब्सिडी में बड़ी बचत हुई है, बल्कि किसानों को बिना किसी परेशानी के उर्वरकों की सुचारु आपूर्ति भी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि एक ही वित्त वर्ष में लगभग 123 करोड़ की सरकारी सब्सिडी की बचत हुई है।

कृषि मंत्री ने बताया कि यह उपलब्धि सरकार की उस सोच को दर्शाती है जिसमें किसानों के हितों की रक्षा करते हुए संसाधनों का संतुलित और वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे जहां सरकारी खजाने पर सब्सिडी का बोझ कम हुआ है, वहीं किसानों को जरूरत के अनुसार समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो रही है। जिले में सूक्ष्म स्तर पर योजना बनाकर फसलवार उर्वरक जरूरत का आंकलन किया गया। व्यवस्था में की गई बदलाव की निगरानी की गई, जिसका सकारात्मक लाभ हुआ।

**रियल टाइम मॉनिटरिंग से हुआ लाभ**

किसानों की व्यक्तिगत निगरानी और लक्षित परामर्श, संतुलित उर्वरक उपयोग पर फील्ड डेमो, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित सलाह तथा पीओएस के माध्यम से उर्वरक बिक्री की रियल टाइम मॉनिटरिंग जैसे कदम उठाए गए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और जागरूकता अभियानों ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि यमुनानगर का यह मॉडल राज्य के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। सभी जिलों में व्यवस्था में बदलाव का असर जल्द ही दिखने लगेगा।

## मेयर ने वार्ड नंबर 18 में 81.96 लाख के कार्यों का किया शिलान्यास

# सड़कें बनेंगी चकाचक, गाड़ियों के साथ विकास भी भरेगा फर्राटा


**यमुनानगर।** कवार्ड नंबर 18 में विकास कार्यों का शिलान्यास करतीं मेयर सुमन बहमनी और अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 18 में 81.96 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उनके साथ वार्ड पार्षद उज्जवल ठाकुर और निगम अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवा रहा है। ताकि नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि वार्ड 18 के गांव औरंगाबाद में करीब 49.50 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

इसके अलावा गांव इशोपुर में भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। यहां 10.25 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण किया जाएगा। जबकि 22.21 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कार्य करवाया जाएगा। मेयर ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने के बाद क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य केवल विकास कार्य करवाना ही नहीं बल्कि उनकी गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में यमुनानगर को एक विकसित और आधुनिक शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार विकास कार्य जारी रहेंगे। मौके पर सहायक अभियंता राजेश शर्मा व कनिष्ठ अभियंता अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## घर-घर पहुंचीं मेयर, बोलीं- शहर को साफ और सुंदर बनाना आपका भी कर्तव्य, निभाएं जरूर

**शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नई सोच, नया शहर अभियान का किया शुभारंभ**


**यमुनानगर।** औरंगाबाद में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करतीं मेयर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नई सोच, नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर 18 के गांव औरंगाबाद और ईशोपुर से अभियान की शुरुआत की और खुद घर घर जाकर नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के प्रति जागरूक किया। कहा, शहर को साफ और सुंदर बनाना सभी की जिम्मेदारी है। नागरिक अपनी जिम्मेदारी जरूर निभाएं। वहीं, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सेक्टर 17 में अभियान की शुरुआत कर लोगों को सूखा और गीला कचरा अलग अलग एकत्रित करने व स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक किया।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि अभियान के तहत घर घर जाकर लोगों को जहां पंपलेट वितरित कर कचरा प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, लोगों से अपने घरों में ही कचरे को अलग अलग रखने और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करने की अपील की। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे प्रदेश में जनआंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि सभी लोग मिलकर छोटी छोटी आदतों में बदलाव लाएं तो बड़ा परिवर्तन संभव है।

**सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें**

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने, कूड़ा इधर उधर न फेंकने और अपने आसपास के वातावरण को साफ. सुथरा रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब पूरा शहर एकजुट होकर इस अभियान का हिस्सा बनेगा। तब यमुनानगर जगाधरी स्वच्छता और सुंदरता के मामले में नई पहचान बनाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में लगातार चलाया जाएगा। अगले दो सप्ताह तक इस जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति, पार्षद प्रियंक शर्मा, पार्षद उज्जवल शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, सहायक अभियंता राजेश शर्मा, सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज व स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले बच्चे पुरस्कार मिलने पर खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

## महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं से जीवन में मिलेगी सफलता

- स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी में श्रम का सम्मान और बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में श्रम का सम्मान और बुद्ध पूर्णिमा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जोगिंद्र कांबोज व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उदेश्य समाज में श्रमिकों के योगदान एवं महात्मा बुद्ध के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करके विद्यार्थियों को जागरुक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने डॉक्टर, प्रिंसीपल, शिक्षक, किसान, दूधवाला, डाकिया, सैनिक, फल एवं सब्जी विक्रेता आदि के रुप में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। खास बात यह रही छोटे छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया और समाज में इन सभी के महत्वपूर्ण योगदान को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया। इसके अलावा कुछ विद्यार्थियों ने सुंदर धन्यवाद कार्ड बनाकर विद्यालय के ड्राइवर, कंडक्टर, चपरासी व सफाई कर्मचारियों को भेंट किए तथा उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित भाषण एवं श्रम दिवस पर प्रेरणादायक कविताएं भी प्रस्तुत की।

उन्होंने सभी को बुद्ध पूर्णिमा एवं श्रम दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने कहा कि विद्यार्थियों को महात्मा बुद्ध के जीवन से प्रेरणा लेकर कठिन परिश्रम एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सीख लेनी चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन जोगिंदर कांबोज ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है। हर कार्य को मेहनत और लगन से करना चाहिए तथा सभी का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर सही मार्ग पर चलकर एवं कड़ी मेहनत से व्यक्ति समाज में उच्च स्थान प्राप्त कर सकता है।


**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में इंटर डीपीएस नेशनल शूटिंग टूर्नामेंट के शुभारंभ के दौरान मुख्यातिथि एवं उपायुक्त प्रीति का स्वागत करते विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## इंटर डीपीएस नेशनल शूटिंग स्पर्धा का आगाज

- देश भर से 52 डीपीएस विद्यालयों के 326 विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को इंटर डीपीएस नेशनल शूटिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट में देश भर से 52 डीपीएस विद्यालयों के 326 विद्यार्थी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं उपायुक्त प्रीति ने दीप प्रज्वलित करके किया। जबकि अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में लेफ्टिनेंट कर्नल कुमुद मैनी व पूर्व डिप्टी स्पोर्ट्स डायरेक्टर परमिन्द्र सिंह सिद्धु मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का पुष्प गुच्छा भेंटकर स्वागत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व अतिथियों के पहुंचने से खेल भावना और ऊर्जा का अद्भुत माहौल बन गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ पर शानदार स्कूल बैंड ने मधुर एवं जोशीली धुनों से पूरे वातावरण को देशभक्ति और उत्साह से भर दिया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट ने सभी अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभागी टीमों ने पूरे आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ मार्च पास्ट करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। उद्घघाटन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आर्केस्ट्रा और नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्यातिथि एवं उपायुक्त प्रीति ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# अवैध खनन : अब तक 284 वाहन जब्त, 3.90 करोड़ रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** जिला प्रशासन व जिला खनन विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहन।

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा चालू वित्त वर्ष में जनवरी से लेकर अब तक जिला में अवैध खनन में संलिप्त 284 वाहनों को जब्त किया गया। वहीं, रायल्टी, जुर्माना व खनिज मूल्य के रूप में 3.90 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन सजग है और अवैध खनन होने वाले स्थानों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से अब तक कुल 284 वाहनों को जब्त किया गया। विभिन्न मामलों में 6 वाहनों को रिलीज किया गया तथा कुल 19.70 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। अवैध परिवहन के मामलों में 2 एफआईआर दर्ज की गईं। जबकि अवैध खनन से संबंधित 62 एफआईआर दर्ज की गईं। उन्होंने बताया कि सुपुर्दगी के मामलों में 137 वाहनों पर उत्तर प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त रॉयल्टी, जुर्माना एवं खनिज मूल्य के रूप में लगभग 3.90 करोड़ रुपये की राशि का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि डीजीएमजी अपील के माध्यम से 123 वाहनों को रिलीज किया गया तथा 37.40 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

बिना आईएसटीपी के 18 वाहनों को जब्त किया गया। समान संख्या में वाहन रिलीज भी किए गए। वहीं, बिना आईएसटीपी के रिलीज वाहनों से 5.65 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


**रादौर।** स्वास्थ्य शिविर में ईलाज करवाने पहुंचे स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

### मोबाइल यूनिट ने जांचा 115 लोगों का स्वास्थ्य

**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को गुरू रविदास मंदिर परिसर पटाक माजरी में मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ.प्रमोद सिंह, चेतन शर्मा लैब टेक्नीशियन व सतवंत कौर ने 115 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। मौके पर मरीजों के निःशुल्क लैब टेस्ट भी किए गए। रादौर प्रभारी सोनी कुमार व भाजपा मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि कुरूक्षेत्र विधानसभा क्षेत्र में सांसद नवीन जिंदल लोगों को निशुल्क घर के दरवाजे पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। जिससे लोगों को भारी लाभ मिल रहा है। डॉक्टरों की अनुभवी टीम लोगों के स्वास्थ्य की पूरी तरह से जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित कर रही है। मौके पर राजकुमार शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि गुलशन कुमार व जोगिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने दिए एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश

# टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम मुमकिन : प्रीति

**सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों में से एक, समय पर इलाज जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में सामाजिक प्रतिनिधियों की बैठक में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करतीं उपायुक्त प्रीति।

एचपीवी एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जिला परिषद के सदस्यों व आरएमपी एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत वार्डों के पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उपायुक्त प्रीति ने बैठक में सभी को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सभी को जागरूक करने के लिए आहवान किया।

उपायुक्त ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों में से एक है। जिसे समय रहते टीकाकरण और नियमित जांच के माध्यम से रोका जा सकता है। बैठक में संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं पार्षदों ने आश्वासन दिया कि वह प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से कार्य करते हुए इस मुहिम को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगें। इस मौके पर उन्होंने अपने सुझाव भी रखें।

उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वह अपने अपने गांवों में महिलाओं और किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करें तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में सक्रिय सहयोग दें। कहा कि 9 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन प्रभावी है और इसके माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जिला में 12 हजार बच्चियों को वैक्सीन का टीके लगाए जाएंगे। जिनमें से ढ़ाई हजार बच्चियों को वैक्सीन लग चुकी है। इसके बारे में मिथ्या भ्रांतियां फैलाई गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान को चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लक्षित समूह तक पहुंच बनाई जा रही है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि यदि सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं प्रशासन के अधिकारी मिलकर कार्य करेंगे तो यह मुहिम अवश्य आगे बढेगी। क्योंकि ऐसी मुहिम से किसी प्रकार की अमीरी गरीबी से कोई संबंध नहीं होता और जो कार्य संयुक्त रूप से किया जाता है। उस कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। इसलिए इस मुहिम को जन आंदोलन की तरह आगे लेकर जाना होगा तभी हमारी बच्चियों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है। उन्होंने बैठक में वैक्सीन के प्रति सोशल मीडिया पर फैली भ्रांतियों से बचने और अपनी 14 व 15 साल की बच्चियों को इस वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाए जाने की अपील की। इस अवसर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. पुनीत कालड़ा, डॉ. चारु कालड़ा, डॉ. विजय विवेक आदि मौजूद रहे।

### मातृभूमि शिक्षा मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम

# महात्मा गौतम बुद्ध ने जगत को सरल व व्यावहारिक मार्ग दिखाया : डॉ. श्रीप्रकाश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

महात्मा गौतम बुद्ध का जीवन और उनका धर्म भारतीय दर्शन इतिहास और संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने न केवल धर्म और मोक्ष की विचारधारा को पुनः आरंभ किया, बल्कि समग्र जगत के लिए एक सरल और व्यावहारिक मार्ग दिखाया। उनका जीवन और दर्शन, शांति और आत्मनिरीक्षण की ओर एक जागृत मार्ग है। बुद्ध ने सनातन आदर्शों को पुनः प्रतिष्ठित किया था। महात्मा बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित अहिंसा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। अहिंसा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा भगवान महात्मा बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने महात्मा गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरक कहानी एवं प्रसंग प्रस्तुत किए एवं बुद्ध की शिक्षाओं का अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## गौतम बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थल को भारत व प्रदेश सरकार ने रखा हुआ संजोकरः महिशिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण संग्रहालय कुरुक्षेत्र का दौरा करती श्रीलंका की उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन। फोटो : हरिभूमि

श्रीलंका की उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन ने कहा कि भारत में गौतम बुद्घ से जुड़े एतिहासिक स्थल मौजूद हैं, जिन्हें भारत सरकार व प्रदेश की सरकारों ने संजोकर रखा हुआ है। ये स्थल आने वाली पीढ़ियों को भाईचारा और बौद्घ शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता दिखा रही हैं। उन्होंने हरियाणा में सिद्धार्थ गौतम बुद्ध के पदचिह्नों, उनके सूत्रों और उनके भ्रमण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को नए सिरे से मान्यता देने का प्रतीक है। ऐसा देखकर बहुत ही खुशी हुई। श्रीलंका की उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कुरुक्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण संग्रहालय में दर्शन करने के लिए पहुंची। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन की म्यांमार से गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने पहुंचे बौद्ध भिक्षुओं आनंदा व उनके साथियों ने बौद्ध धर्म के अनुसार 34 वर्ष पुराने पीपल के वर्ष नीचे पूजा अर्चना करवाई। उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन श्री कृष्ण संग्रहालय (कुरुक्षेत्र) की विजिट के बाद यमुनानगर के चनेती स्तूप और तोपरा कलां स्थित धर्मचक्र का दर्शन करने के लिए रवाना हुई। उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन ने श्री कृष्ण संग्रहालय में करनाल के असंध स्तूप, अग्रोहा के प्राचीन टीला, यमुनानगर के सुघ (प्राचीन श्रुघ्न), चनेटी स्तूप, बौद्ध विहार, आदि बद्री, टोपरा कलां के बारे में जाना। इसके साथ ही बौद्घ धर्म की अलेक्जेंडर कनिंघम, ह्वेनसांग, बौद्ध ग्रंथ, वैदिक साहित्य की भी जानकारी ली। सीईओ पंकज सेतिया ने बताया कि करनाल के असंध स्तूप के इस पुरातात्विक स्थल से विभिन्न कालों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहां से प्राप्त ईट-निर्मित संरचना की पहचान बौद्ध स्तूप के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के बौद्ध विहार, आदि बद्री, जो सरस्वती क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल है। उत्खननों से मठीय संरचना व टेराकोटा अवशेष मिले है जो बौद्ध उपस्थिति दशार्ते हैं। यमुनानगर में टोपरा कलां स्थल सम्राट अशोक के स्तंभ का मूल स्थान है (वर्तमान में दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में स्थित)। यह स्तंभ सम्राट अशोक के धम्म तथा बौद्ध धर्म के संरक्षण का प्रतीक है। इसी तरह अलेक्जेंडर कनिंघम (19वीं शताब्दी ई.) द्वारा किए गए पुरातात्विक सर्वेक्षणों में यानेसर क्षेत्र में बड़े टीले एवं संरचनात्मक अवशेष पाए गए, जिन्हें उन्होंने प्राचीन विहारों और स्तूप स्थलों से संबंधित माना।

# त्याग, साहस और मानवता की मिसाल थे गुरु तेग बहादुर : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते कुलपति प्रो.धीमान व अन्य।

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में गुरु तेग बहादुर जी की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता सहित शिक्षकगण, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने सामूहिक भोजन कर सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, साहस और मानवता की रक्षा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में समानता, आपसी सम्मान और एकजुटता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन महापुरुषों के आदर्शों को जीवंत रखते हैं और समाज में सौहार्द बढ़ाते हैं।

उन्होंने कहा कि सामूहिक भोजन जैसे कार्यक्रम भेदभाव मिटाकर एकता को मजबूत करते हैं। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों का विकास भी है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, परीक्षा नियंत्रक प्रो. हेतल दावे, प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्रो. अमित कटारिया, प्रो. सुनीति तंवर, प्रो. आशु, उप कुलसचिव विकास शर्मा, अतुल गोयल, सहायक कुलसचिव राम निवास, वित्त अधिकारी अशोक ग्रोवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना की



कुरुक्षेत्र। भगवान श्रीब्रह्मा मंदिर में शुक्रवार को नाथ संप्रदाय के आराध्य महायोगी गुरु गोरखनाथजी की जयंती कुरड़ी वाले महाराजश्री के सानिध्य में बड़े हर्षोल्लास के साथ और भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा का अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद हवन-यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर विश्व कल्याण की कामना की। यज्ञ-पूर्णाहुति कुरड़ी वाले महाराजश्री जी ने डाली। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं और झण्डों से सजाया गया। महाराजश्री जी ने प्रेरणा दी कि गुरु गोरखनाथ जी ने समाज को अंधविश्वास से निकालकर योग और सेवा का मार्ग दिखाया। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सघं संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि हमें गुरुदेव जी के सानिध्य में रहकर देवी-देवताओं जयंतियों पर निःस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए।

## सीएम सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में समान विकास की रफ्तार तेज : सुभाष सुधा



शाहबाद। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव बचगांवा से लेकर थानेसर विधानसभा के गांव हंसाला तक सडक निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरूआत पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना तथा मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बनाई जाने वाली यह सडक लगभग 1.15 किलोमीटर लंबी है, जिसके निर्माण पर करीब 55.93 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि यह सडक कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों, सैंकड़ों गांवों को आपस में जोड़ेगी, जिससे आमजन, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में समान विकास की सोच को जमीन पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जिससे प्रदेश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने बताया कि इस सडक के निर्माण की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्राथमिकता देते हुए पूरा करने का कार्य किया है।

## छात्रों को जंक फूड से बचने व स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूनिक शिक्षा निकेतन, लाडवा, कुरुक्षेत्र एवं के.बी. स्कॉलर्स स्कूल, लाडवा, कुरुक्षेत्र के शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से उन्हें विज्ञान को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक तरीके से पढ़ाने की नवीन समझ प्राप्त हुई। इससे वे कक्षा में विद्यार्थियों को विषयों को अधिक प्रभावी ढंग से समझा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर आयोजित हैंड्स-ऑन गतिविधियों एवं विज्ञान व्याख्यानों के जरिए यह सीखा कि जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल उदाहरणों तथा दैनिक जीवन से जोड़कर विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से कैसे पहुँचाया जा सकता है। फैंटास्टिक केमिस्ट्री गतिविधियों के अंतर्गत शिक्षकों को एक्सोथर्मिक एवं एंडोथर्मिक अभिक्रियाओं तथा हाइड्रोकार्बन ईंधनों से संबंधित प्रयोगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की नई वेबसाइट का किया शुभारंभ



कुरुक्षेत्र। जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के बार रूम में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए न्यायिक अधिकारियों और बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के नवनिर्वाचित सदस्य का जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही बार एसोसिएशन की नई वेबसाइट का भी आधिकारिक तौर पर शुभारंभ किया गया। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के नवनिर्वाचित सदस्य एडवोकेट राजेंद्र जुनेजा के बार रूम पहुंचने पर अधिवक्ताओं द्वारा ढोल और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। जिला बार एसो. के कामकाज को डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बार की नई वेबसाइट का आधिकारिक लॉन्च किया गया। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट जगरूप सिंह को बार के कल्याण टिकट (के लिए एक नई मशीन दान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समारोह में बार के प्रधान धर्मेंद्र, सेक्रेटरी संजीव धवन व विक्रांत जांगड़ा, कैशियर अखिल चौहान, वाइस प्रेसिडेंट सौरभ जालखेड़ी और लेडी एग्जीक्यूटिव गुंजन उपस्थित रहे। इसके अलावा सीनियर एडवोकेट बीमन चंढा, सुभाष शर्मा, अशोक भारद्वाज, विक्रम शर्मा, मनोज अटवान, विक्रमजीत सिंह गिल और पूर्व प्रधान सौरभ शर्मा सहित कई अन्य अधिवक्ता गण शामिल रहे।

## न्यूज डॉयरी



### 140 साल से मजदूर कर रहे संघर्ष

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, मनरेगा मजदूर यूनियन व जन संघर्ष मंच हरियाणा (घटक मासा) के बैनर तले लेबर चौकों पर जन सभाओं का आयोजन किया गया। जनसभा के बाद सभी मेहनतकश-मजदूर प्रदर्शन की शक्ल में इंकलाब जिन्दाबाद, पूंजीवाद हो बर्बाद, दुनिया के मजदूरो एक हो, मजदूर आंदोलन में पुलिस दखल बंद करो, नोएडा मानेसर गुड़गांव फरीदाबाद आदि में मजदूरों व मजदूर नेताओं पर बनाए गए फर्जी मुकदमे रद्द करो, जेल में बंद मजदूरों व मजदूर नेताओं को तुरंत रिहा करो, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह लागू करो आदि के नारे लगाते हुए स्थानीय अंबेडकर चौक पर पहुंचे और वहाँ कार्यक्रम का समापन किया। पार्क के पास लेबर-चौक पर जन सभा का संचालन निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के महासचिव सुरेश कुमार ने किया। यूनियन के प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि आज से 140 साल पहले शिकागो की मार्किट में मजदूरों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग को लेकर हड़ताल की थी जिसमें पुलिस ने खुद ही बम फोड़ दिया था और उसका दोष मजदूर नेताओं - आगस्ट स्पाइस, एडोल्फ फिशर, जॉर्ज एंजेल, आदि के मत्थे मढ़ कर उन्हें फांसी पर लटका दिया था। आज 140 साल बाद भी मजदूर उन्हीं मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा है। महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि वोट के आधार पर तो देश में सभी बराबर हैं परंतु आर्थिक तौर पर मजदूर और मालिक में दिन-रात का फर्क है। जनसभा को मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रधान नरेश कुमार, उषा कुमारी, मेवा राम, चांदी राम ने भी संबोधित किया। सभी मजदूर जनसभा के बाद शहर के बीच प्रदर्शन करते हुए अंबेडकर चौक पँहुचे और कार्यक्रम का समापन किया।



### छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित टैलेंट शो-2026 में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भजन, कविता पाठ, भाषण, नृत्य, संस्कृत श्लोक, वाद्य वादन (ड्रम व गिटार), अभिनय तथा ब्लाइंड फोल्डेड एक्टिविटी जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। अनुशासन, शिष्टाचार और शिक्षा का महत्व जैसे विषयों पर दिए गए भाषणों ने सभी को प्रेरित किया, वहीं भक्ति गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विशेष रूप से एक अंडमान से आए छात्रावासी भईया ने अंडमान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में रोचक जानकारी साझा कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।असम के छात्र ने आँखों पर पट्टी बांधकर पुस्तक पढ़ने की अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। देशभक्ति विषय पर आधारित अभिनय, सामाजिक सरोकारों पर कविताएँ तथा स्ट्रेस-फ्री परीक्षा पर आधारित स्किट ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। समूह नृत्य और वेस्टर्न डांस ने उत्साह का संचार किया, जबकि ड्रम और गिटार वादन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### एसडी स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

कुरुक्षेत्र। एस.डी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्री विकास शर्मा जी ने सभी कर्मवीरों को सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके परिश्रम, निष्ठा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्या अंजलि ने अपने भाषण द्वारा श्रमिकों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और समाज में उनके योगदान को सराहा। इस आयोजन ने सभी को श्रम के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक मंजू शर्मा, प्रधानाचार्या रिम्मी बठला व कोऑर्डिनेटर गगनप्रीत कौर सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रमिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## यूपी की भाजपा सरकार ने अपने फासीवादी चरित्र को किया उजागर



कुरुक्षेत्र। मेहनतकश के शोषण, दमन, भेदभाव और युद्ध के खिलाफ एवं लोकतंत्र, अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सैकड़ो मजदूरों, कर्मचारियों ने संकल्प सभा कर जोरदार प्रदर्शन किया। 137वें मजदूर दिवस के मौके पर उपायुक्त कार्यालय पर आयोजित संकल्प सभा की अध्यक्षता सीटू जिला संयोजक रानी देवी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव संदीप नरवाल, और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से की व संचालन सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार ने किया। वरिष्ठ नेता कामरेड महावीर प्रसाद दहिया और सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सहसचिव संदीप सांगवान ने कहा कि मजदूरों से डरी यूपी की भाजपा सरकार ने नोएडा समेत यूपी के कई जिलों में मजदूर सभाओं को रोक कर अपने फासीवादी चरित्र को उजागर कर दिया है।

## दुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए स्थापित किया वाटर कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद।

सामाजिक सरोकारों के तहत रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने दुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर स्थापित किया। इस सेवा प्रकल्प को जैन परिवार, सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) द्वारा स्पॉन्सर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर परिसर में पंडित रवि जेटली जी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। रोटरी प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज में स्थायी और उपयोगी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है और यह प्रकल्प उसी दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से महिंदर कंसल एवं सुमन कंसल की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि उनके बेटी व दामाद (जैन परिवार, सिडनी) ने अपने संस्कारों और समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए इस वाटर कूलर को स्पॉन्सर किया है।

## बरसातों से पहले सीवरेज और नालों की सफाई के दिए आदेश

पिहोवा। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि पिहोवा में चल रहे विकास कार्यों की निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी स्तर पर कमी नहीं आनी चाहिए और निर्माण कार्य को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री की घोषणाओं को तेज गति के साथ पूरा किया जाए। अगर किसी भी स्तर पर अधिकारी ,कर्मचारी ने लापरवाही की तो कार्रवाई करने में देरी नहीं की जाएगी। विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय के सभागार में शहर में चल रहे विकास कार्यों और भावी योजनाओं को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी, अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने पिहोवा पहुंचने पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



## जय भगवान शर्मा का 64वां जन्मदिन मनाया

पिहोवा। अनाज मंडी स्थित राजीव थरेजा के कार्यालय में रोटरी क्लब पिहोवा की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी का 64वां व रोटरी क्लब के सचिव गौरव बंसल का जन्मदिन मनाया गया। रोटरी क्लब की ओर से पंडित जय भगवान शर्मा डीडी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने कहा कि पंडित जय भगवान शर्मा डीडी समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका जीवन समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान करना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

## सरकार की 48 से 72 घंटे में भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह विफल : भाकियू



कुरुक्षेत्र। हरियाणा की मंडियों में किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर न मिलने का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने इस व्यवस्था को सरकार की घोषित नीति के विपरीत बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई है और तत्काल सुधार की मांग की है। मीडिया प्रभारी राकेश कुमार बैंस ने कहा कि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि फसल बिकने के 48 से 72 घंटे के भीतर किसानों के खातों में भुगतान कर दिया जाए, लेकिन जमीनी स्तर पर यह व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रणाली के तहत तब तक भुगतान जारी नहीं होता जब तक फसल का उठान नहीं हो जाता और आउटगोइंग गेट पास जारी नहीं किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि खरीद सॉफ्टवेयर में ऐसी व्यवस्था लागू है, जिससे आढ़ती, अधिकारियों या ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही के कारण उठान में देरी होने पर भी नुकसान किसानों को ही उठाना पड़ता है। कई मामलों में किसानों को 15-20 दिनों तक अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार करना पड़ता है, जो न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि किसानों के साथ भेदभाव भी है। भाकियू (चढूनी) ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हरियाणा के निदेशक को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि खरीद नीति में तुरंत संशोधन किया जाए। संगठन ने सुझाव दिया है कि जैसे ही फसल बिके और जे-फॉर्म तैयार हो, उसी समय से निर्धारित 48-72 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जाए, चाहे फसल का उठान हुआ हो या नहीं। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

### श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रहलाद प्रसंग का किया बखान

# बच्चों को बचपन में ही दिया जाता है धर्म का ज्ञान : अरूण मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कथा में मौजूद श्रद्धालु तथा कथा सुनाते कथा व्यास पंडित अरुण मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

शास्त्री नगर सेवा समिति द्वारा हरिओम मंदिर शास्त्री नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रहलाद प्रसंग का बखान किया गया। इसमें कथा व्यास पंडित अरूण मिश्रा ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास अरूण मिश्रा ने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है।

### संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का किया गुणगान

इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर सुभाष अरोड़ा, विपिन गुप्ता, प्रवीण गोयल, पवन गुप्ता, वीना गुप्ता, अचला अरोड़ा, सरोज गुप्ता, एचसी मुंजाल, माया रानी, विजय अरोड़ा, सुभाष चंद गुप्ता, वेदप्रकाश जेटली, दर्शना देवी, वंदना चावला, विमल गर्ग, वीना जेटली, मंजू, रंजना गर्ग सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### प्रॉपर्टी पर लगाई बैंक की सील को तोड़ा

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति द्वारा बैंक द्वारा सील की गई प्रॉपर्टी को दोबारा से अपने कब्जे में लेने पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधि विकास पंवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बैंक ने 27 फरवरी 2026 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में प्रॉपर्टी का कब्जा लिया था लेकिन जब 17 अप्रैल को बैंक अधिकारी विकास पंवार प्रॉपर्टी के निरीक्षण के लिए पहुंचे तो वहां पर ताला और सील टूटी हुई मिली। जुलाना थाना पुलिस ने बैंक अधिकारी की शिकायत पर सपना और उसके पति राजेश तथा एक अन्य संदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हर्षोल्लास से मनेगा परशुराम प्रकटोत्सव

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि 3 मई को उचाना की ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम प्रगटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसको लेकर आयोजन समिति गांव-गांव जाकर निमंत्रण दे रही है। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। मुख्य वक्ता शिक्षाविद रामचंद्र अत्री होंगे। हरियाणवी कलाकार संदीप शर्मा साहिल हरियाणवी अपने गीतों से भगवान परशुराम के जीवन एवं उनकी महिमा पर प्रकाश डालेंगे। हलके भर से ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोग भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। हवन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी।

### अलग-अलग स्थानों से लाखों की चोरी

**जींद।** जिला में चोरों ने अलग-अलग स्थानों से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड स्थित बाईपास नाके के पास दुकान मालिक सुरेश कुमार ने पुलिसको दी शिकायत में बताया कि 30 अप्रैल की शाम को उसकी दुकान से अज्ञात व्यक्ति ने करीब आठ से 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। वहीं गांव बेलरखां निवासी दुकान मालिक शमशेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात लोगों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ कर दुकान में रखे करीब सात हजार रुपये के सिक्के चोरी कर लिए हैं।

### उचाना में सरकारी छुट्टी के बाद खुला मिला स्कूल

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा पर छुट्टी के बावजूद स्कूल लगा नियमों की उल्लंघना करने वाले स्कूल पर उचाना नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने दस्तक दी। तहसीलदार श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां के निरीक्षण पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां छुट्टी के बावजूद कक्षाएं लगी हुई थी। जिस पर नायब तहसीलदार ने स्कूल प्रिंसिपल को चेताया कि सरकारी छुट्टी थी और उसके बावजूद भी स्कूल क्यों लगाया गया है। जिस पर प्रिंसिपल ने कहा कि हमें इस बारे में ज्ञान नहीं था। भविष्य में ध्यान रखा जाएगा। नायब तहसीलदार ने कहा कि भविष्य में सरकार के द्वारा जो भी आदेश जारी किया जाए।

### मजदूर दिवस पर संगठनों ने किया प्रदर्शन

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जुलाना के लेबर शैड में मजदूरोंए कर्मचारियों और स्कीम वर्करों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सीटू, सर्व कर्मचारी संघ और रिटायर्ड कर्मचारी संघ से जुड़े विभिन्न संगठनों ने सांझा तौर पर मई दिवस मनाया और श्रमिकों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि एक मई का दिन दुनिया भर के मजदूरों की शहादत और उनके संघर्षों का प्रतीक है। उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश रची जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस आयोजन की खास बात यह रही कि लेबर शैड में एकत्रित होने के बाद भारी संख्या में मजदूर और कर्मचारी अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करने के लिए उनके धरना स्थल पर पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मांग की कि कर्मचारियों की जायज मांगों को तुरंत पूरा किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## नगर निगम चुनाव: 20 वार्डों में 1.98 लाख से ज्यादा नागरिक करेंगे मतदान

# शहर के वार्ड नंबर एक में सबसे कम और 9 में सबसे ज्यादा मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- चुनाव को लेकर 191 बूथ स्थापित, निर्वाचन अधिकारी ने सभी बूथों पर बेहतर व्यवस्था करने के दिए आदेश

नगर निगम चुनाव के लिए प्रशासन की ओर से 191 बूथ बनाए जाएंगे। सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर रिटर्निंग अधिकारी के साथ-साथ एआरओ भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम आम चुनाव में मतदाताओं की संख्या 198224 है जिनमें पुरूष मतदाता 102654 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 95550 है जबकि अन्य मतदाताओं की संख्या 20 है। उन्होंने बताया कि आगामी 10 मई को मतदान होगा जबकि 13 मई को मतगणना होगी। चुनाव के दृष्टिगत मेयर व सदस्यों पदों के लिए 20 वार्ड हैं। वार्ड नंबर 1 में मतदाताओं की संख्या 5245 है जिनमें पुरूष 2790 जबकि महिला मतदाता 2455 है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 2 में कुल मतदाता 6326 हैं जिनमें पुरूष 3361 व महिला मतदाता 2964 है। वार्ड नंबर 3 में कुल मतदाता 7676 हैं जिनमें पुरूष 4004 व महिला 3672 हैं। वार्ड नंबर 4 में कुल 11875 हैं मतदाता हैं जिनमें पुरूष 6170 व महिला 5704 हैं। वार्ड नंबर 5 में कुल 11601 जिनमें पुरूष 6000 व महिला मतदाता 5601 हैं। वार्ड नंबर 6 में कुल 10541 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 5386 व महिला मतदाता 5154 हैं। वार्ड नंबर 7 में 10680 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 5516 व महिला मतदाता 5156 हैं। वार्ड नंबर 8 में कुल 11874 हैं जिनमें पुरूष 6109 व 5764 महिला मतदता हैं। वार्ड नंबर 9 में कुल 12005 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 6270 व 5734 महिलाएं हैं। वार्ड नंबर 10 में कुल 11913 हैं जिनमें पुरूष 6232 व महिला 5680 हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 में कुल मतदाता 10148 हैं जिनमें पुरूष 5197 तथा महिला मतदाता 4951 हैं। वार्ड नंबर 12 में कुल 8060 हैं जिनमें पुरूष 4069 तथा महिला 3991 हैं। वार्ड नंबर 13 में कुल 8643 हैं जिनमें पुरूष 4477 व महिला 4166 हैं। वार्ड नंबर 14 में 9223 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 4698 व महिला मतदाता 5425 हैं। वार्ड नंबर 15 में कुल 7160 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 3731 व महिला 3429 है। वार्ड नंबर 16 में कुल 11963 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 6293 व महिला 5670 हैं। वार्ड नंबर 17 में कुल 10443 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 5376 व महिला मतदाता 5064 हैं। वार्ड नंबर 18 में कुल 11000 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 5670 व महिला मतदाता 5328 हैं। वार्ड नंबर 19 में कुल 9962 मतदाता हैं जिनमें पुरूष 5125 व महिला 4837 व वार्ड नंबर 20 में कुल मतदाता 11886 हैं जिनमें पुरूष मतदाता 6180 व महिला मतदाताओं की संख्या 5705 हैं।



अंबाला। रेंडामाइजेशन प्रक्रिया के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**ईवीएम व पोलिंग पार्टियों की रेंडमाईजेशन की**

नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत उपायुक्त कार्यालय में सामान्य पर्यवेक्षक एवं मंडल आयुक्त संजीव वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर व रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट की अध्यक्षता में ईवीएम मशीनों व पोलिंग पार्टियों की रेंडमाइजेशन की गई। तमाम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। इस प्रक्रिया के दौरान नगर निगम चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत 191 बूथ बनाए गए हैं। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए एनआईसी द्वारा स्थापित सोफ्टवेयर के माध्यम से पोलिंग पार्टियों की द्वितीय रेंडामाइजेशन की गई है। इसी प्रकार ईवीएम मशीनों की वार्ड वाइज रेंडामाइजेशन की गई है इस प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।


अंबाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र। फोटो: हरिभूमि

## स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर, नंदिनी विजेता

- एमडीएसडी कॉलेज में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर स्थित एमडीएसडी कॉलेज के पुस्तकालय विभाग एवं म्यूजिक वोकल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में, एनडीएलआई क्लब के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघल ने की। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य श्रम की गरिमा को सम्मान देना तथा विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमिकों के अधिकार, समानता, सामाजिक न्याय तथा कार्यस्थल पर करुणा एवं सहानुभूति जैसे विषयों पर प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना, श्रमिकों के योगदान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा भगवान बुद्ध के उपदेशों के अनुरूप दया, करुणा और सजगता को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

**किया सम्मानित**

प्रतियोगिता नंदिनी ने बाजी मारी जबकि अंजली दूसरे व शिवानी तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उज्ज्वल का विशेष योगदान रहा। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघल ने ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और रचनात्मकता अत्यंत सराहनीय रही। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनने के लिए भी प्रेरित करती है।

## एफएलएस मूल्यांकन की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने आगामी एफएलएस -2026 मूल्यांकन के आयोजन की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह मूल्यांकन छह से आठ मई तक प्रदेशभर में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में निदेशक, राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक सभी अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। सबसे अहम बदलाव यह है कि एनसीईआरटी ने सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को टैबलेट उपलब्ध कराए हैं ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा सके। इससे डेटा संकलन में सटीकता और गति दोनों बढ़ेगी। टैबलेट के माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे परिणामों का विश्लेषण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। मूल्यांकन से पहले फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी जिलास्तर पर तय की गई है। चार और पांच मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को मूल्यांकन की प्रक्रिया, उपकरणों के उपयोग और रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ईक्कस में आयोजित होगा।


जींद। बैठक में मौजूद राजेश वशिष्ठ व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## सचिन ने कांग्रेस छोड़ी, भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि शहर का निरंतर एव तेजी से विकास के लिए ट्रिपल इंजन सरकार बननी जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश, प्रदेश का विकास भाजपा सरकार में ही संभव है। डा. पूनिया ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों से पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जनसुविधा से लेकर जनकल्याण की अनेकों योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार हर नागरिक के संकल्प और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है पूनिया ने शुक्रवार को अंबाला स्थित भाजपा कार्यालय अंब कमल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी और सभी वार्ड प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जीताने की अपील की। उन्होंने वार्ड-13 में एक सभा को भी संबोधित किया और हर वार्ड में कमल खिलाने का लोगों से आग्रह किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा और गणमान्य लोग मौजूद रहे।


अंबाला। प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया को तलवार देकर सम्मानित करते सचिन पूनिया।

**मजबूती पर बल**

बैठक के दौरान डा. पूनिया ने बूथों को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी चुनाव को छोटा मानकर नहीं चलती। भाजपा के लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव व मेहनत से लगातार भाजपा चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास लगातार भाजपा के प्रति बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उसका एक-एक वादा भाजपा संकल्पित होकर पूरा करेगी। इस दौरान वार्ड नबर 19 से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सचिन पूनिया साथियों समेत भाजपा में शमिल हो गए।

## विश्वपाल गोयल टिक्कू की पुण्यतिथि मनाई

- शिविर में 101 लोगों ने रक्तदान कर विश्वपाल गोयल टिक्कू को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध समाजसेवी व व्यवसायी विश्वपाल गोयल टिक्कू की नौवीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा अग्रवाल धर्मशाला, रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं महा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वर्गीय टिक्कू जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय विश्वपाल गोयल टिक्कू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में उनके समाजसेवा, उदार व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने हमेशा समाज को संगठित रखने और जरूरतमंदों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा स्वर्गीय विश्वपाल गोयल टिक्कू को अग्ररतन से नवाजा जो उनके पुत्र माणिक गोयल ने प्राप्त किया। इसके उपरांत महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर ईश्वर सिंह पूर्व सांसद, अशोक अरोड़ा विधायक, रमेश गुप्ता पूर्व विधायक, मानिक गोयल, नितिन गोयल, शालीन गोयल, नरेंद्र खटकर रजिस्ट्रार, केयूके, तुषार सैनी मीडिया एडवाइजर, मेजर जनरल अरविंद यादव, संजय सिंगला, यशेंद्र शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा, धूमन सिंह, डॉ. राजेंद्र अग्रवाल, जय भगवान सिंगला, पवन गर्ग, प्रोफेसर राजा सिंगला मेडिकल सुपरिटेंडेंट, प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह वीसी आयुष यूनिवर्सिटी, डॉ. कृष्णकांत (रजिस्ट्रार, आयुष यूनिवर्सिटी), बृजमोहन, नवीन बंसल, विवेक बंसल, प्रमोद बंसल, सुरेश गुप्ता, विक्रम गोयल, विजय गर्ग, संजय, राहुल सिंगला आदि रहे।

## नप सफाईकर्मियों ने शुरू की दो दिवसीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने अपनी दो दिवसीय हडताल शुरू की। हडताल की अध्यक्षता जिला प्रधान सोहनलाल ने की। हडताल के चलते जिले में सफाई कार्य भी नही किया गया। जिसके चलते शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए। नगर परिषद कार्यालय परिसर में हडतालरत सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोहनलाल ने कहा कि वो लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। कर्मचारी नेता विक्रम सिंह ने कहा कि मई दिवस पर नगर पालिका कर्मचारियों ने हडताल शुरू की है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ उनकी हडताल का समर्थन करता है। आज मई दिवस भी है और मजदूरों के हकों पर पर ही सरकार लगातार हमला कर रही है। सकसं नेता संजीव ढांडा ने कहा कि नगर पालिका संघ ने जो दो दिवसीय हडताल शुरू की है, इसका सर्व कर्मचारी संघ समर्थन करता है। इनकी मांगें पूरी तरह से जायज हैं। सरकार लगातार सफाई कर्मियों के साथ अन्याय कर रही है। ठेकेदारी प्रथा को वो पूर्ण रूप से खत्म करवाना चाहते हैं। तमाम प्रदेश के जो भी ठेकेदारी पर काम कर रहे हैं उनको पक्का किया जाए। एक्सग्रेशिया की नीति को बहाल किया जाए। सफाई कर्मचारियों की मांग को पूरा किया जाए। दो दिन में सरकार उनकी मांगों को पूरा नही करती तो हडताल को बढाया जाएगा।


जींद। नगर परिषद कार्यालय में हडताल पर बैठे सफाई कर्मचारी नारेबाजी करते हुए।

**आयोजन** सद्भावना अभियान के अंतर्गत एकता पर्व का हर्षोल्लास से शुभारंभ

# सही समय पर ज्ञान के जरिए जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग की ओर से सद्भावना अभियान के अंतर्गत एकता पर्व 2026 का हर्षोल्लास से शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई। अंबाला कैंट में इस अभियान के तहत 3 मई तक कार्यक्रम किए जाएंगे। शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग ज़ोनल कॉऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया इस एकता पर्व के अंतर्गत 3 मई को सुबह 5:30 बजे अनदेखा भारत साइकिल यात्रा मेरा भारत मेरी शान निकाली जाएंगी। इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है, यह बिल्कुल निशुल्क है। 3 मई को ही सांय 5 बजे एकता पर्व के अंतर्गत समारोह दिवस सुभाष पार्क के ओपन थियेटर में मनाया जाएगा, जिसमें संगीत संस्कृति और आत्मीय मिलन के साथ एक ऐसा कार्यक्रम किया जाएगा जो दिलों को जोड़ता है। अंबाला होटल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुदर्शन सिंह सहगल ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की।


अंबाला। अभियान का शुभारंभ करती बीके बहनें। फोटो: हरिभूमि

**भारतीय संस्कृति को श्रेष्ठ बताया**

विंग राष्ट्रीय संयोजक ब्रह्माकुमार संतोष भाई ने कहा हमारी जो संस्कृति हैं वो केवल एक सभ्यता नहीं हैं इसमें हमारा इतिहास जुड़ा हुआ हैं। इस विंग द्वारा एकता पर्व मनाने का उद्देश्य ही यह हैं कि कैसे ज्ञान के द्वारा जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान करें। सही समय पर ज्ञान को अप्लाई करना सिखाना ज्ञान पर्व का उद्देश्य हैं। अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भी सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। राजयोगिनी बीके ख्याति बहन, राजयोगिनी बीके मानसा बहन, राजयोगिनी बीके मेघा बहन, बीके स्वीटी बहन, राजयोगी बीके हरीश भाई व बीके राकेश भाई इस अभियान की टीम का विशेष हिस्सा हैं। कार्यक्रम में गीत संगीत व नृत्य की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध किया।

### वैश्विक शांति को लेकर विचार-विमर्श किया

**नरवाना।** राजस्थान के आबू राज में ब्रह्मकुमारी ज्ञान सरोवर में 30 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैश्विक शांति की आवश्यकता मीडिया की भूमिका थीम के ऊपर एक बहुत बड़ा आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत की। विश्व में शांति का संदेश फैलाने के लिए अहम भूमिका बताया गया। जहां इस समय कई देशों में युद्ध चल रहा है वही मीडिया को शांति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने एक पुस्तक का भी विमोचन किया तथा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि वैश्विक शांति के ऊपर जो कार्यक्रम का आयोजन किया।